राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1407

09 मार्च, 2016 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड को हुई हानि

1407. **श्री एस. थंगावेलु:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड ने कम बिक्री के कारण 30 सितम्बर, 2015 को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के दौरान 1055.96 करोड़ रुपये की एकल निवल हानि की जानकारी दी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सस्ते आयात से प्रतिस्पर्धा के कारण अनेक बड़े उत्पादकों को अप्रैल-जून की तिमाही में घाटा हुआ जबकि इस्पात उत्पादकों को इस वर्ष फरवरी में 4.2 प्रतिशत का अल्प निवल लाभ हुआ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) : जी हाँ।

(ख) और (ग) : इस वित्तीय वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान टाटा स्टील को छोड़कर अधिकतर इस्पात निर्माताओं यथा सेल, जेएसडब्ल्यू स्टील और जेएसपीएल के कर-पश्चात् लाभ (पीएटी) में कमी आई है। सूचना के अनुसार इस तिमाही के दौरान प्रमुख इस्पात निर्माता कंपनियों की पीएटी निम्नवत् है:

क्र.सं.	कंपनियां	पीएटी (करोड़ रूपए में)		
		प्रथम तिमाही, वित्तीय वर्ष -2016	चौथी तिमाही, वित्तीय वर्ष -2015	तिमाही दर तिमाही (%)
1.	जेएसडब्ल्यू स्टील	31	189	-84%
2.	सेल	-322	334	-196%
3.	टाटा स्टील	1249	814	53%
4.	जेएसपीएल	-267	-235	-14%

***